कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कला एवं वाणिज्य (नवीन) महाविद्यालय भोपाल, मध्यप्रदेश
https://govaccmh.ac.in/ ई.मेल आईडी – hegaccbho@mp.gov.in दूरभाष कमांक 0755–2555326

कमांक 878 / स्था. / 2023 भोपाल, दिनांक 28 / 01 / 2023

प्रति,

संपादक
दैनिक भास्कर ,
स्वदेश न्यूज
राज एक्सप्रेस
दैनिक सांध्य प्रकाश
राजधानी

विषयः– प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन बाबत्।

महोदय,

उक्त विषय में लेख है कि आज दिनांक 28.01.2023 को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन समिति द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसकी प्रेस विज्ञप्ति आपकी ओर इस आशय से प्रेषित है कि आप अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में इसे प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे।

प्राचार्य
28-1-23
(डॉ. मुकेश दीक्षित)
शासकीय कला एवं वाणिज्य (नवीन)
महाविद्यालय, भोपाल

संलग्न

1. प्रेस विज्ञप्ति
2. छायाचित्र

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कला एवं वाणिज्य (नवीन) महाविद्यालय भोपाल, मध्यप्रदेश
https://govaccmh.ac.in/ ई.मेल आईडी – hegaccbho@mp.gov.in दूरभाष कमांक 0755–2555326

## /प्रेस विज्ञाप्ति/

शासकीय कला एवं वाणिज्य (नवीन) महाविद्यालय, भोपाल में आज दिनांक 28.01.2023 को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन समिति के तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गयाइस मेले में पांच नामी कंपनियों (ICICI BANK JUST DEIL , LEARNING SQUIRED , SUCCESS STAIRS GROUP OF COMPANY, WE-WIN) ने शिरकत की एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ , महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश दीक्षित द्वारा विद्यार्थियों को ओजपूर्ण उद्यबोधन देते हुये प्लेसमेंट हेतु शुभकामना प्रेषित की गई, तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन समिति प्रभारी श्रीमती सीमा राजपूत द्वारा कार्यक्रम कि रूपरेखा एवं कार्यक्रम कि संक्षिप्त जानकारी विद्यार्थियों से साझा की गई। कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने आये अधिकारियों द्वारा संबंधित कंपनी का परिचय एवं विद्यार्थियों के उसमें रोजगार अवसर संबंधी महत्वपूर्ण तथ्यो से सभी को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों का प्लेसमेंट समूह चर्चा एवं साक्षात्कार में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर किया गया इस रोजगार मेले में महाविद्यालय के 54 छात्रों को रोजगार मिला, जो कि महांविद्यालय के लिये बहुत गौरव की बात हैं । कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा चयनित छात्रों को बधाई के साथ चयन पत्र प्रदान किये गये। समिति सदस्य डॉ. सुरेखा उमाडे द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

28.1.23

(डॉ.मुकेश दीक्षित)
प्राचार्य

प्राचार्य
शासकीय कला एवं वाणिज्य (नवीन)
महाविद्यालय, भोपाल